7 पौधे एवं जंतुओं का संरक्षण

बहुविकल्पी प्रश्न

1. जंगली भैंसा एक संकटापन्न स्पीशीज़ है क्योंकि–
   (a) इसकी संख्या घट रही हैं
   (b) यह विलुप्त हो चुका है
   (c) यह केवल एक विशेष क्षेत्र में ही पाया जाता है
   (d) इसे चोरी-छिपे मारने पर सख्ती से रोक लगा दी गई है।

2. मरुस्थलीकरण के कारण निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन हो सकता है?
   (a) वातावरण के तापमान में कमी होना
   (b) मृदा की जलन-धारण क्षमता में वृद्धि
   (c) अधिक बाढ़ आने की संभावना
   (d) उपजाऊ ज़मीन का मरुस्थल में बदल जाना

3. जैवमंडल निचय के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?
   (a) यह एक रक्षित क्षेत्र होता है जहाँ केवल स्थानिक स्पीशीजें ही पाई जाती हैं।
   (b) यह केवल पौधों और प्राणियों के संरक्षण के लिए ही होता है।
   (c) यह जैवविविधता और उस क्षेत्र की संस्कृति दोनों के ही संरक्षण के लिए होता है।
   (d) इसकी सीमाओं के भीतर कोई अन्य रक्षित क्षेत्र नहीं होते?

4. अपने प्राकृतिक पर्यावास में जैवविविधता के संरक्षण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा/से स्थान है?
   (i) प्राणि उद्यान (ii) पादप उद्यान
   (iii) वन्यजीव अभ्यारण्य (iv) राष्ट्रीय पार्क
   (a) i और ii (b) ii और iii
   (c) iii और iv (d) i और iv

5. स्थानिक स्पीशीज़ के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
   (a) ये एकमात्र रूप से एक विशिष्टीकृत पर्यावास में पाई जाती हैं।
   (b) स्थानिक स्पीशीज़ें कभी भी संकटापन्न नहीं हो सकतीं।
   (c) ये केवल चिड़ियाघर और पादप उद्यानों में पाई जाती हैं।
   (d) अपने पर्यावास के नष्ट हो जाने का इन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

© NCERT not to be republished

6. वन्यजीव अभ्यारण्य के लिए निम्नलिखित में से कौन–सी विशिष्टता सही है?
   (a) यह प्राणियों के लिए कृत्रिम रूप से बनाया गया एक रक्षित क्षेत्र है।
   (b) यह विलोपोन्मुखी और संकटापन्न वन्य प्राणियों के लिए एक रक्षित क्षेत्र है।
   (c) यह केवल पादप स्पीशीज़ों के संरक्षण के लिए होता है।
   (d) यहाँ जानवरों को पकड़ना और उनका शिकार करना सख्त मना है।

7. संकटापन्न स्पीशीज़ों के लिए कौन–सा कथन सही नहीं है?
   (a) उनकी संख्या प्रबल रूप से घट गई है।
   (b) ये निकट भविष्य में विलुप्त हो सकते हैं।
   (c) ये अन्य जानवरों के लिए खतरा उत्पन्न कर सकते हैं।
   (d) इनके प्राकृतिक पर्यावासों को रक्षित करने की आवश्यकता है।

8. किसी जंगल में काले हिरण, हाथी, अजगर और सुनहरी बिल्ली मिलकर किसका निरूपण करते हैं?
   (a) प्राणिजात (b) पादपजात
   (c) पारितंत्र (d) स्पीशीज़

9. रेड डाटा बुक में निम्नलिखित में से किस–किस का रिकार्ड रखा जाता है?
   (i) स्थानिक स्पीशीज़ (ii) विलुप्त स्पीशीज़ें
   (iii) संकटापन्न पादप (iv) संकटापन्न प्राणी
   (a) i और ii; (b) ii और iii;
   (c) iii और iv; (c) i और iv

10. प्रवासी पक्षी वर्ष की एक विशेष अवधि के दौरान सुदूर क्षेत्रों तक उड़ते हैं। उस अवधि में उनके पर्यावास में निम्नलिखित में से कौन सी परिस्थितियाँ उनके इस व्यवहार के लिए उत्तरदायी हैं?
   (i) भोजन उपलब्ध न होना (ii) उग्र मौसमी परिस्थितियाँ
   (iii) अधिक भीड़ (iv) घोंसले बनाने के क्षेत्रों की कमी
   (a) ii और iii; (b) i और ii;
   (c) i और iv (d) ii और iv.

11. हमारे देश में खेती करने के लिए वनों के बड़े–बड़े भू–भाग साफ कर दिए जाते हैं। इस प्रक्रिया से पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है?
   (a) मृदा अपरदन (b) मृदा संरक्षण
   (c) मृदा प्रदूषण (d) मृदा उर्वरता

© NCERT not to be republished

अति लघुउत्तरीय प्रश्न

12. वन-संरक्षण क्यों महत्वपूर्ण है?
13. वृक्षों के संरक्षण के लिए आपने क्या उपाय किए हैं? कोई एक उपाय बताइए।
14. बताइए कि निम्नलिखित कथन सही हैं अथवा गलत।
    (i) जैवमंडल निचय के भीतर एक वन्य जीवन अभ्यारण्य भी हो सकता है।
    (ii) किसी विशिष्ट क्षेत्र के पादप सामूहिक रूप से उस क्षेत्र के प्राणिजात् होते हैं।
    (iii) वनोन्मूलन के कारण मृदा की जलधारण क्षमता में वृद्धि हो जाती है।
    (iv) गौर (बाइसन) पचमढ़ी जैवमंडल निचय का एक स्थानिक प्राणिजात् है।
15. क्या कोई वन कम अवधि में प्राकृतिक रूप से तैयार हो सकता है?
16. भारत के प्रथम आरक्षित वन का नाम बताइए।

लघु उत्तरीय प्रश्न

17. वन्यजीव अभ्यारण्य पादपों और प्राणियों के संरक्षण के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं?
18. बताइए कि स्थानिक जीवों के विलुप्त होने का खतरा क्यों अधिक है?
19. किसी पारितंत्र के लिए छोटे-छोटे जानवर भी क्यों महत्वपूर्ण होते हैं?
20. किसी वन में एक नयी स्पीशीज़ X का प्रवेश हुआ है। बताइए कि इसका उस क्षेत्र की स्थानीय स्पीशीज़ों पर क्या प्रभाव पड़ेगा?
21. क्या मृदा-अपरदन का मृदा की उर्वरता पर कोई प्रभाव पड़ता है? यह प्रभाव किस प्रकार पड़ता है?
22. पचमढ़ी जैवमंडल निचय में पाए जाने वाली जैवविविधता का अनूठा लक्षण क्या है?
23. वन (संरक्षण) एक्ट के उद्देश्य की चर्चा कीजिए।
24. जैवविविधता क्या होती है?

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

25. क्या वनोन्मूलन का संबंध वैश्विक तापन से है? व्याख्या कीजिए।
26. वनोन्मूलन के कारण प्रायः बाढ़ और सूखा क्यों हो जाते हैं?
27. हमें कागज़ की बचत क्यों करनी चाहिए?

© NCERT not to be republished